Under CSR Support by ipca Foundation missiongyan

# अध्याय - 1 | सत्ता की साझेदारी

**QUIZ PART-02**

**1. लोकतंत्र में सत्ता की साझेदारी क्यों आवश्यक मानी जाती है?**
A. टकराव बढ़ाने के लिए
B. केवल बहुसंख्यक समुदाय को लाभ देने के लिए
C. विविध समूहों के बीच संघर्ष कम करने के लिए
D. सत्ता केंद्रीकरण को मज़बूत करने के लिए (C)

***व्याख्या :*** सत्ता साझेदारी से विभिन्न सामाजिक समूहों के बीच टकराव का खतरा कम होता है और लोकतांत्रिक अखंडता मज़बूत होती है।

**2. सत्ता साझेदारी को लोकतंत्र की आत्मा क्यों कहा जाता है?**
A. यह सरकार को मज़बूत बनाती है
B. यह जनता की भागीदारी और समानता सुनिश्चित करती है
C. यह केवल बहुसंख्यकों को शक्ति देती है
D. यह विदेशी शासन लाती है (B)

***व्याख्या :*** लोकतंत्र का अर्थ ही है कि सत्ता जनता के बीच बाँटी जाए और सभी समूह शासन-व्यवस्था में भाग लें।

**3. क्षैतिज सत्ता साझेदारी का उदाहरण कौन-सा है?**
A. केंद्र और राज्य सरकार के बीच सत्ता बाँटना
B. कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका के बीच सत्ता बाँटना
C. दलों के बीच गठबंधन
D. सामाजिक समूहों के बीच आरक्षण (B)

***व्याख्या :*** क्षैतिज सत्ता साझेदारी का अर्थ है सरकार के विभिन्न अंगों जैसे विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका में शक्ति का बंटवारा।

**4. उर्ध्वाधर सत्ता साझेदारी को किस नाम से भी जाना जाता है?**
A. संघीय विभाजन
B. गठबंधन सरकार
C. सामुदायिक सरकार
D. अल्पसंख्यकवाद (A)

***व्याख्या :*** राष्ट्रीय, राज्य और स्थानीय स्तर पर सत्ता का विभाजन उर्ध्वाधर साझेदारी कहलाता है और इसे संघीय विभाजन भी कहते हैं।

**5. भारत में अनुसूचित जाति (SC) और अनुसूचित जनजाति (ST) के लिए लोकसभा में आरक्षित सीटों की संख्या कितनी है?**
A. 412 और 84 B. 84 और 47
C. 59 और 30 D. 100 और 50 (B)

***व्याख्या :*** लोकसभा की 543 सीटों में से 84 सीटें अनुसूचित जातियों और 47 सीटें अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित हैं।

**6. सामाजिक समूहों के बीच सत्ता साझेदारी का मुख्य उद्देश्य क्या है?**
A. केवल बहुसंख्यक समुदाय को सशक्त करना
B. अल्पसंख्यकों को सत्ता से दूर रखना
C. विभिन्न समूहों को सम्मान और बराबरी देना
D. सत्ता केंद्रीकरण को मज़बूत करना (C)

***व्याख्या :*** सामाजिक समूहों के बीच सत्ता साझेदारी से सभी समुदायों को समान अवसर और सम्मान मिलता है और अलगाव की भावना कम होती है।

**7. राजनीतिक दलों के बीच सत्ता साझेदारी का सबसे सामान्य रूप कौन-सा है?**
A. एकदलीय व्यवस्था B. गठबंधन सरकार
C. न्यायपालिका D. आरक्षण नीति (B)

***व्याख्या :*** जब कोई दल बहुमत नहीं पाता तो कई दल मिलकर गठबंधन सरकार बनाते हैं, यह राजनीतिक सत्ता साझेदारी का प्रमुख रूप है।

**8. हित समूह सत्ता साझेदारी में किस प्रकार योगदान देते हैं?**
A. वे केवल चुनाव लड़ते हैं
B. वे निर्णय प्रक्रिया को प्रभावित करते हैं
C. वे न्यायालयों का संचालन करते हैं
D. वे केवल ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य करते हैं (B)

***व्याख्या :*** हित समूह (जैसे किसान, व्यापारी संगठन) निर्णय प्रक्रिया और नीतियों को प्रभावित करके सत्ता साझेदारी में भाग लेते हैं।

**9. श्रीलंका ने किस प्रकार की सत्ता साझेदारी को नकार दिया था?**
A. क्षैतिज
B. उर्ध्वाधर (संघीय विभाजन)
C. गठबंधन सरकार
D. सामाजिक समूहों के बीच (B)

***व्याख्या :*** श्रीलंका ने सत्ता के संघीय विभाजन को नकारा और सत्ता को केंद्रीकृत रखा, जिससे गृहयुद्ध की स्थिति बनी।

**10. बेल्जियम ने अल्पसंख्यकों को सत्ता में शामिल करने के लिए कौन-सा मॉडल अपनाया?**
A. बहुसंख्यकवाद
B. सामुदायिक सरकार
C. उर्ध्वाधर विभाजन
D. हित समूह (B)

***व्याख्या :*** बेल्जियम ने सामुदायिक सरकार का मॉडल अपनाकर भाषाई और सांस्कृतिक अल्पसंख्यकों को सत्ता में समान प्रतिनिधित्व दिया।